स्कूल से मुफ्त और कम कीमत में भोजन प्राप्त करने के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रिय माता-पिता/अभिभावक:

बच्चों को स्वस्थ भोजन के बारे में जानने की जरूरत। **[Name of School/School District]** प्रत्येक स्कूल दिवस में स्वस्थ भोजन देता है। नाश्ता की लागत **[$]**; दोपहर के भोजन की लागत **[$]**। **आपका बच्चा मुफ्त या कम कीमत में भोजन पाने के योग्य हो सकते हैं।** नास्ता **[$]** और दोपहर के भोजन **[$]** के लिए कम कीमत है। इस पैकेट में मुफ्त या कम कीमत पर मिलने वाला भोजन का लाभ पाने के लिए एक आवेदन-पत्र और विस्तृत निर्देशों का एक सेट शामिल है। नीचे दिये गये कुछ सामान्य से सवाल-जवाब आवेदन की प्रक्रिया में आपके लिए मददगार है।

1. मुफ्त या कम कीमत का भोजन किसे मिल सकता है?
   - परिवार के सभी बच्चे जो **[State SNAP], [the Food Distribution Program on Indian Reservations (FDPIR)]** या **[State TANF]**से लाभ पा रहे हैं, मुफ्त भोजन पाने के योग्य हैं।
   - वो पालक बच्चे जो किसी पालक देखभाल एजेंसी या अदालत की देखभाल में हैं, मुफ्त भोजन पाने के पात्र हैं।
   - स्कूल के हेड स्टार्ट कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चे भी मुफ्त भोजन पाने के पात्र हैं।
   - वो बच्चे जो बेघर, भगोड़ा, या प्रवासी होने की श्रेणि में आते हैं, वे मुफ्त भोजन पाने के पात्र हैं।
   - यदि आपके घर की आय संघीय आय पात्रता दिशा-निर्देश (फेडरल इनकम एलिजिबिलिटी गाइडलाइंस) की सीमा में है, तो बच्चों को मुफ्त या कम कीमत में भोजन प्राप्त हो सकता है। यदि आपके घर की आय इस चार्ट की सीमा के अंदर है, तो आपके बच्चे मुफ्त या कम कीमत में भोजन पाने के योग्य हो सकते हैं।

स्कूल वर्ष________ के लिए संघीय पात्रता आय चार्ट			
घर-परिवार का आकार	वार्षिक	मासिक	साप्ताहिक
1			
2			
3			
4			
5			
6			
7			
8			
प्रत्येक अतिरिक्त व्यक्ति:			

2. मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे बच्चे बेघर, प्रवासी या भगोड़ा की श्रेणी में आते हैं? क्या आपके घर के सदस्य के पास स्थायी पता नहीं है? क्या आप एक शेल्टर, होटल या अन्य अस्थायी आवास व्यवस्था में एक साथ रह रहे हैं? क्या आपका परिवार समय-समय पर रहने की जगह बदलते रहते हैं? क्या आपके साथ ऐसा कोई बच्चा है जो अपने पूर्व परिवार या घर को छोड़कर आप के साथ रहना पसंद किया है? यदि आपको लगता है कि आपके घर में ऐसे बच्चे हैं जो इन विवरणों से मेल खाते हैं और उन्हें मुफ्त भोजन मिलना चाहिए था पर आपने ऐसे बच्चों के बारे बताया नहीं है, तो कृपया कॉल या ई-मेल करें **[school, homeless liaison or migrant coordinator]**

3. क्या मुझे प्रत्येक बच्चे के लिए अलग-अलग आवेदन करने की जरूरत है? नहीं। *मुफ्त और कम कीमत पर स्कूल से मिलने वाला भोजन प्राप्त करने के लिए अपने घर के सभी छात्रों के लिए एक ही आवेदन-पत्र भरें।* अधूरे आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं

किए जाते, इसलिए यह सुनिश्चित करें की सभी आवश्यक जानकारी दी गई है। पूरा भरा हुआ आवेदन-पत्र को यहाँ भेजें: **[name, address, phone number]**.

4. यदि मुझे स्कूल से पत्र द्वारा यह बताया जाता है कि इस स्कूल वर्ष में मेरे बच्चों को पहले से ही मुफ्त भोजन के लिए अनुमोदित किया गया है, तो क्या मुझे फिर भी इसके लिए आवेदन-पत्र भरना चाहिए? नहीं, किंतु कृपया स्कूल से भेजा गया पत्र को ध्यान से पढ़ें और दिए गए निर्देशों का पालन करें। यदि आपके घर का कोई बच्चा इस योजना की पात्रता से चूक रहा हो तो तुरंत संपर्क **[name, address, phone number, e-mail]** करें।

5. क्या मैं ऑनलाइन आवेदन कर सकता हूँ? हाँ! कागज पर आवेदन करने की अपेक्षा ऑनलाइन आवेदन को ज़्यादा पसंद किया जाता है, यदि आप ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तो, अवश्य करें। ऑनलाइन आवेदन और कागज पर आवेदन करने में एक-ही तरह की जानकारी देने की जरूरत होगी। शुरू करने के लिए या ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानने के लिए **[website]** देखें। संपर्क करें **[name, address, phone number, e-mail]** यदि ऑनलाइन आवेदन के बारे में आपका कोई सवाल है।

6. मेरे बच्चे का आवेदन को पिछले साल मंजूरी मिली थी। क्या मुझे फिर से एक नया फॉर्म भरने की जरूरत है? हाँ। आपके बच्चे का आवेदन सिर्फ उसी स्कूल वर्ष के लिए मान्य है और यह इस स्कूल वर्ष के शुरु के कुछ दिनों तक के लिए ही है। **[date]** आप एक नया आवेदन अवश्य भेजें जबतक कि स्कूल से आपको यह बता नहीं दिया जाता कि आपका बच्चा नए स्कूल वर्ष के लिए इसका पात्र है। यदि आप स्कूल द्वारा मान्य नया आवेदन नहीं भेजते हैं या आपने यह अधिसूचित नहीं किया है कि आपका बच्चा मुफ्त भोजन पाने के योग्य है, तो बच्चे के भोजन की पूरी कीमत देनी होगी।

7. मुझे WIC प्राप्त है। क्या मेरे बच्चे को मुफ्त भोजन मिल सकता है? घर के बच्चे जो WIC में भाग लेते हैं- मुफ्त या कम कीमत के भोजन पाने के योग्य हो <u>सकते</u> हैं। कृपया एक आवेदन दें।

8. क्या मेरे द्वारा दी गई जानकारी की जाँच की जाएगी? हाँ। आपने जो आय दर्शाया है उसके लिए हम आपके घरेलू आय का लिखित सबूत भेजने के लिए कह सकते हैं।

9. यदि मैं वर्तमान में इसके लिए योग्य नहीं हूँ, तो क्या मैं इसके लिए बाद में आवेदन कर सकता हूँ? हाँ, इसके लिए आप स्कूल वर्ष के दौरान किसी भी समय आवेदन दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, बेरोजगार माता-पिता या अभिभावक कम कीमत के भोजन के योग्य हो सकते हैं, यदि उनकी घरेलू आय, आय सीमा से नीचे होती है।

10. क्या होगा, यदि मैं अपने आवेदन को लेकर स्कूल के फैसले से सहमत नहीं होता हूँ? आपको स्कूल के अधिकारियों से बात करनी चाहिए। आप यहाँ फोन से या लिखित रूप में सुनवाई के लिए कह सकते हैं: **[name, address, phone number, e-mail]**.

11. यदि मेरे परिवार का कोई सदस्य एक अमेरिकी नागरिक नहीं है, तो क्या मैं इसके लिए आवेदन कर सकता हूँ? हाँ। मुफ्त या कम मूल्य के भोजन हेतु आवेदन करने के लिए आप, आपके बच्चे या घर के अन्य सदस्यों का अमेरिकी नागरिक होना जरूरी नहीं है।

12. क्या होगा अगर मेरी आय हमेशा एक जैसी नहीं है? आप <u>सामान्य रूप से</u> जितनी राशि प्राप्त करते हैं उसे सूचीबद्ध करें। उदाहरण के लिए, यदि आप सामान्य रूप से प्रत्येक माह $1000 कमाते हैं, लेकिन आप पिछले महीने कुछ काम चूक गए और केवल $900 ही कमा सके, लिखें कि आप प्रतिमाह $1000 अर्जित किया है। यदि आप प्राय: ओवरटाईम करते हैं तो इस राशि को अपनी आमदनी में शामिल करें, पर यदि आपको कभी-कभार ओवरटाईम मिलता है तो इसे दर्शाने की जरूरत नहीं है। यदि आपकी नौकरी चली गई या आपके काम के घंटे कम हो गये या मजदूरी की राशि कम हो गई है तो आप सिर्फ अपना वर्तमान आय को ही दर्शाएं।

13. क्या होगा यदि घर के कुछ सदस्यों की कुछ भी आय नहीं है, जिसे दर्शाना पड़े? यह जरूरी नहीं है कि सदस्यों की कई तरह की आय वैसा नहीं हो सकता है जैसा कि आवेदन-पत्र में पूछा गया है, ऐसा भी हो सकता है कि उनकी कोई आय ही नहीं हो। ऐसी स्थिति में कृपया, दिये गये स्थान में 0 लिखें। हालांकि, यदि आय का कोई भी स्थान खाली छोड़ दिया जाता है, तो उसे भी शून्य के रूप में गिना जाएगा। कृपया आय के स्थान को सावधानीपूर्वक खाली छोड़ें, तकि हम यह समझ सकें कि आपके द्वारा ऐसा करने का खास मतलब है।

14. हम सेना में हैं। क्या हमें अपनी आय को अलग ढंग से दर्शाने की जरूरत हैं? आपके मूल वेतन और बोनस को आय के रूप में सूचित किया जाना चाहिए। यदि आपको बाहर रहने के लिए आवास, भोजन या कपड़ों के लिए नकद रूप में भत्ते मिलते हों तो उसे आमदनी के रूप में शामिल करें। हालांकि, अगर आपका आवास ‘सैन्य आवास निजीकरण पहल का हिस्सा है तो अपने आवास भत्ता को आय में शामिल नहीं करें। प्रतिनियोजन के फलस्वरूप किसी भी तरह के अतिरिक्त कॉम्बेट भुगतान को भी आय से बाहर रखा गया है।

15. क्या होगा अगर मेरे परिवार के बारे में जानकारी देने के लिए आवेदन-पत्र में पर्याप्त स्थान नहीं है? घर के अतिरिक्त सदस्यों की सूची को अलग पन्ने में दें और उसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। आवेदन प्राप्त करने के लिए **[name, address, phone number, e-mail]** संपर्क करें।

16. मेरे परिवार को और अधिक मदद की जरूरत है। क्या ऐसा कोई दूसरा कार्यक्रम है, जिसके लिए हम अवेदन कर सकते हैं? यह जानने के लिए कि **[State SNAP]** कैसे आवेदन कर सकते हैं या अन्य सहायता कैसे प्राप्त कर सकते हैं, इसके लिए अपने स्थानीय सहायता कार्यालय से संपर्क या फोन करें **[State hotline number]**।

यदि आपके कोई अन्य सवाल हैं या किसी मदद की जरूरत है, तो कॉल करें **[phone number]**.

भवदीय,

[signature]